8.11 इन सबके अलावा एसएएसटी – कर्नाटक, सिविल अस्पताल/आईआईपीएच, गुजरात तथा भोपाल मेडिकल कॉलेज में क्षेत्रीय केन्द्र बनाने के लिए अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है। डीएचआर भी दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों में केन्द्र स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों के सम्पर्क में है।

rduhdh lg;kxh

8.12 तकनीकी सहयोगी केन्द्र/राज्य सरकारों के अन्तर्गत वैसे संस्थान हैं, जिनकी एचटीए में उच्च क्षमता, विशेषज्ञता तथा पूर्ववर्ती अनुभव के कारण पहचान बनी है। टीपी उनके लिए आवंटित एचटीए का अध्ययन करेगा तथा प्रक्रिया नियमावली के अनुरूप नियमित सम्पर्क तथा आकलन के प्रत्येक स्तर के 'मूल्यांकन' में एक नमूने के द्वारा स्थिरता एवं एकरूपता सुनिश्चित करेगा।

8.13 अब तक 11 एचटीएआईएन तकनीकी सहयोगियों की पहचान हुई है – ¼**i**½ ,El] fnYyh ¼**ii**½ ,uvkbZ,e,l] fnYyh ¼**iii**½ ,u,p,lvkjlh] fnYyh ¼**iv**½ ih,p,QvkbZ] fnYyh ¼**v**½ bULVhP;wV v,Q bdksu,fed xzksFk] fnYyh

¼vi½ vkbivkbiVh] eqcbi ¼vii½ ,uvkbioh] iq.k ¼viii½ ,u,vkjvkbi] iq.k ¼ix½ vkbivkbi,p,evkj] t;iqj ¼x½ vkbivkbiih,p Hkqou'oj rFkk ¼xi½ vkbivkbiVh] pUubi

rduhdh eY;kadu lfefr

8.14 तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीएसी) एक बहुविषयक निकाय है, जिसमें अर्थव्यवस्था, चिकित्सा, शोधकर्ता, सामाजिक शास्त्री, नीति निर्धारक इत्यादि विषयों के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। समिति की अध्यक्षता एक प्रतिष्ठित व्यक्ति करता है। ये विभिन्न चरणों पर एचटीए के अध्ययन के विषयों की समीक्षा करता है।

8.15 अब तक डीएचआर में टीपी द्वारा प्रस्तुत एचटीए प्रस्तावों की समीक्षा के लिए टीएसी की पांच बैठकें हो चुकी हैं तथा भारतीय परिप्रेक्ष्य में दृष्टिकोण, निष्पक्षता के मुद्दों, साक्ष्यों की उपलब्धता इत्यादि मामलों में एचटीएआईएन चुनौतियों का सामना कर सकता है।

fpfdRlk rduhdh eY;kadu cksMZ ¼,eVh,ch½

8.16 ये भी निर्णय किया गया है कि चिकित्सा तकनीकी मूल्यांकन बोर्ड (एमटीएबी) का गठन किया जाएगा, जो सरकार से सिफारिश करनेवाले एक निकाय के रूप में कार्य करेगा। ये सभी एचटीए अध्ययनों के तकनीकी मूल्यांकन समितियों की सिफारिशों पर विचार तथा अनुमोदन करेगा।

,pVh,vkbZ,u dk mís'; rFkk egÙo

8.17 एचटीएआईएन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य में सुधार, जेब पर आनेवाले खर्च (ओओपी) में कमी, तथा स्वास्थ्य देखरेख सेवा में असमानता में कमी लाना है। ये लक्ष्य स्वास्थ्य क्षेत्र में वैज्ञानिक आधार पर निर्णय की प्रक्रिया को मदद देकर, नई प्रणालियों का विकास कर, नई तथा उपलब्ध स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों में पारदर्शी तथा समेकित प्रक्रिया के द्वारा तथा उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं तकनीकी विकसित कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

8.18 जन स्वास्थ्य प्रणाली में कम लागत तथा उच्च नैदानिक प्रभाव की नई अथवा वर्तमान स्वास्थ्य तकनीकी प्रारम्भ करना, जिससे स्वास्थ्य देखरेख के लिए कम बजट का प्रभावशाली वितरण हो। आगे चलकर ये उपचार की मानक नियमावली विकसित करेगा तथा देश को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) की दिशा में उत्प्रेरित करेगा, जो सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीज) के मुख्य लक्ष्यों में एक है।

8.18 एचटीएआईएन स्वास्थ्य देखरेख से जुड़े नीति निर्धारकों की सभी के लिए स्वास्थ्य देखरेख की उपलब्धता की जानकारी देगा तथा जनता को जागरुक करने के लिए स्वास्थ्य से जुड़े टीएसी निर्णयों की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देगा।

,pVh,vkbZ,u çfØ;k

8.19 उपयोगकर्ता विभाग सचिवालय को विषय प्रदान करता है, जिसमें स्पष्ट नीतिगत प्रश्न होते हैं। विषयों का चयन कर "प्राथमिकता मानदंडों" के अनुसार उनकी प्राथमिकता सुनिश्चित की जाती है। विषय का चयन हो जाने पर विशेषज्ञता के क्षेत्र तथा क्षमता को ध्यान में रखते हुए एचटीए अध्ययन के लिए एक संभावित तकनीकी सहयोगी का चयन किया जाता है। टीपी से एक औपचारिक एचटीए प्रस्ताव तैयार करने को कहा जाता है, जिसकी समीक्षा टीएसी करता है, तथा स्वीकृत हो जाने पर टीपी को एचटीए अध्ययन के लिए वित्त आवंटित किया जाता है। अध्ययन के निष्कर्ष को पुनः टीएसी के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाता है। अंत में परिणामों को उपयोगकर्ता विभाग को सौंप दिया जाता है। प्रस्ताव तथा परिणामों को टिप्पणी तथा फीडबैक के लिए साझेदारों के साथ भी साझा किया जाता है।



vkofVr fo"k;%

8.20 विषयों का चयन तथा उनकी प्राथमिकता सुनिश्चित करने का कार्य समाज की आवश्यकताओं के अनुसार टीएसी तथा सचिवालय के पास है। विषय चयन करने के मापदंड हैं – (i) रोग से प्रभावित जनसंख्या का आकार (घटनाएं/उपस्थिति) (ii) रोग की गंभीरता (iii) उपलब्ध रोकथाम की प्रभावकारिता (iv) घर खर्च पर पड़नेवाला आर्थिक प्रभाव (v) एचटीए के लिए साक्ष्यों का महत्त्व तथा उपलब्धता (vi) स्वास्थ्य क्षेत्र की प्राथमिकता तथा नीतिगत उद्देश्य। चयनित हो जाने के पश्चात विषयों को संभावित तकनीकी सहयोगी को आवंटित किया जाता है। वर्तमान समय में विभिन्न तकनीकी सहयोगियों तथा संसाधन केन्द्रों को एचटीए आकलन करने के लिए आठ विषय आवंटित किये गए हैं।

ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग	• पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़
इन्ट्रा ओक्यूलर लैंस	• एचटीएआईएन सचिवालय
स्तन कैंसर स्क्रीनिंग	• एनएचएसआरसी, दिल्ली
सुरक्षा इंजीनियरड सिरिंज	• पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़
परिवार नियोजन के लिए इम्प्लांट्स	• एनआईआरआरएच, मुंबई
गैर–भेदी हेमोग्लोबिनोमीटर	• एआईआईएमएस, दिल्ली
मधुमेह के लिये स्क्रीनिंग	• पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़
इंन्ट्रा यूटेराइन बैलून टैंपोनेड	• एनआईआरआरएच, मुंबई

इनमें एक विषय इंट्रा–ऑक्युलर लेंस है, जिसे एचटीए सचिवालय ने आंतरिक अध्ययन के लिए चयनित किया है। सचिवालय को कई नए विषय प्राप्त हो रहे हैं तथा उनकी प्राथमिकता सुनिश्चित करना एवं टीपी की पहचान करने का कार्य जारी है।

lk>hnkj

8.21 साझीदार व्यक्तिगत, संस्थागत अथवा सामुदायिक होते हैं, जिनकी स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन की प्रक्रिया तथा परिणामों में स्पष्ट दिलचस्पी होती है। एचटीए प्रक्रिया के साझीदारों में मरीज, स्वास्थ्य पेशेवर संस्थान, उपयोगकर्ता विभाग (उदाहरण के लिए आरएसबीवाई अथवा एनपीपीए, एनएचएम), केन्द्र सरकार और/अथवा राज्य सरकार, जन स्वास्थ्य अधिकारी, नीति निर्माता, स्वास्थ्य बीमाकर्ता, नियामक निकाय, औद्योगिक संगठन (उदाहरणार्थ निर्माता, आपूर्तिकर्ता, थोक विक्रेता, वितरक तथा खुदरा व्यापारी), बुद्धि जीवी अथवा प्रणाली सम्बंधी विशेषज्ञ, शोधकर्ता, सामाजिक संगठन, गैर–सरकारी संगठन इत्यादि शामिल होते हैं।

8.22 साझीदार आम लोगों से भिन्न होते हैं, क्योंकि एचटीए के किसी विषय में उनकी स्पष्ट दिलचस्पी होती है। अतः विशिष्ट एचटीए में उनकी भागीदारी तर्कसंगत है तथा प्रक्रिया की गुणवत्ता एवं परिणामों की गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। जब भी अध्ययन के लिए किसी विषय का चयन किया जाता है तो साझीदारों को इसकी सूचना दी जाती है तथा एक सलाहकार बैठक का आयोजन किया जाता है, जिसमें साझीदारों के सुझावों के लिए टीपी उनके समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार जब अध्ययन के परिणाम आ जाते हैं तो साझीदारों से पुनः बैठक कर उनके विचार आमंत्रित किये जाते हैं। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर हितों में टकराव के मुद्दों को संबोधित किया जाता है।

8.23 अब तक निम्न विषयों पर चार सलाहकार बैठकों का आयोजन किया जा चुका है – (i) मोतियाबिंद सर्जरी के लिए इंट्रा ऑक्युलर लेंस (ii) स्तन कैंसर तथा सर्विकल कैंसर की समीक्षा (iii) हीमोग्लोबिनोमीटर तथा (iv) सुरक्षा इंजीनियरड सिरिंज (एसईएस)। साझीदारों ने एचटीएआईएन की संकल्पना की सराहना की है तथा प्रस्तावों में अपने बहुमूल्य विचार रखे हैं। इनमें एक विषय – सुरक्षा इंजीनियरड सिरिंज का परिणाम आ चुका है तथा इसपर 12 दिसम्बर 2017 को नई दिल्ली के डीएचआर, आईआरसीएस भवन में सलाहकार बैठक हो चुकी है। अध्ययन के परिणाम की सराहना की गई है तथा सभी साझीदारों ने इसका अनुमोदन किया है।

रु. करोड़ में

chb 2017-18	vkjb 2017-18	chb 2018-19
5.00	6.00	6.00

उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन

9

अध्याय

9.1 उत्तर पूर्वी क्षेत्र का पूरा ख्याल रखते हुए और परियोजनाओं को सक्रिय रूप से इस क्षेत्र के लिए मंजूरी देने हेतु पाँच योजनाओं के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लिए 2013–14 में पारित निम्नलिखित प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए कदम उठाये गए हैं:

1) महामारी तथा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाओं के नेटवर्क की स्थापना।

2) सरकारी मेडिकल कॉलेजों/अनुसंधान संस्थानों में बहुउद्देश्यीय अनुसंधान इकाईयों (एमआरयूज) की स्थापना।

3) राज्यों में आदर्श ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाईयों (एमआरएचआरयूज) की स्थापना।

4) स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए मानव संसाधन विकास योजनाएं।

5) अंतर–सेक्टोरल अभिसरण तथा स्वास्थ्य अनुसंधान को प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन देने में संयोजन के लिए अनुदान सहायता

9.2 उपरोक्त योजनाओं के उत्तर–पूर्वी राज्यों में योजनानुसार कार्यान्वयन की स्थिति निम्नलिखित है:

(1) महामारी तथा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाओं के नेटवर्क की स्थापना।

9.3 योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित संस्थानों में वायरोलॉजी अनुसंधान तथा नैदानिक प्रयोगशालाएं (वीआरडीएल्स) स्वीकृत किये गए हैं:

(1) jktdh; esfMdy dkystksa esa ohvkjMh,y dh LFkkiuk%

Ø- l-	jkT; dk uke	ohvkjMh,y ds fy, Lohd`r esfMdy d,ysTt dk uke	foÙkh; vkoaVu ¼#- yk[k esa½	
			2013&14 ls 2016&17	2017&18 ¼fnlEcj 2017 rd½
1	असम	क्षेत्रीय मेडिकल अनुसंधान केन्द्र (आरएमआरसी), आईसीएमआर, डिब्रूगढ़ (क्षेत्रीय प्रयोगशाला)	631.00 + 68.62	-
		गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज, गुवाहाटी (राज्य स्तरीय प्रयोगशाला)	297.00 +50.00	43.54
		तेजपुर मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल, तेजपुर जिला–सोनितपुर मेडिकल कॉलेज स्तर)	167.10	-
		जोरहट मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल, जिला – जोरहट (मेडिकल कॉलेज स्तर)	173.90	-
		फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल, जिला–बारपेटा (मेडिकल कॉलेज स्तर)		173.90
		सिलचर मेडिकल कॉलेज, सिलचर (मेडिकल कॉलेज स्तरीय प्रयोगशाला)		173.90
2.	मणिपुर	क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, इम्फाल (राज्य स्तरीय प्रयोगशाला)	196.37	
		जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा विज्ञान संस्थान, इम्फाल (मेडिकल कॉलेज स्तरीय प्रयोगशाला)	157.00 + 30.00	
3.	मेघालय	1. उत्तर पूर्व इन्दिरा गांधी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान क्षेत्रीय संस्थान (एनईआईजीआरआईएचएमएस) शिलौंग, (राज्य स्तरीय प्रयोगशाला)	297.00	-
4.	त्रिपुरा	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अगरतला (मेडिकल कॉलेज स्तरीय प्रयोगशाला)	130.00 + 30.00	

(2) ljdkjh efMdy d,yt ks e cgfo"k;d vuqla/kku bdkb;ka ¼,evkj;w½

Ø- la-	jkT; dk uke	,evkj;w d s fy, Lohd`r efMdy d,yt dk uke	foÙkh; vkoaVu ¼#- yk[k esa½	
			2013&14 ls 2016&17	2017&18 ¼fnlEcj] 2017 rd½
1	असम	सिलचर मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल, सिलचर	125.00	-
		फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज, बारपेटा	151.47	201.60
		जोरहट मेडिकल कॉलेज, जोरहट	0.0	0.0
2.	मणिपुर	क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, इम्फाल	250.00	-
3.	त्रिपुरा	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अगरतला	348.52	-

9.4 उत्तर–पूर्वी राज्यों में सिर्फ 10 मेडिकल कॉलेज हैं। 2019–20 तक विस्तारित अवधि में कुछ अन्य मेडिकल कॉलेजों को शामिल करने के प्रयास किये जाएंगे।

¼3½ vkn'kZ xzkeh.k LokLF; vuqla/kku bdkb;ka ¼,evkj,pvkj;w½

9.5 निम्नलिखित उत्तर–पूर्वी राज्यों में एमआरएचआरयूज स्वीकृत किये गए हैं:

Ø- la-	jkT;	,evkj,pvkj;w dk LFkku	vkbZlh,evkj lykgdkj laLFkku@dsUæ	lEcf/kr efMdy d,yt	foÙkh; vkoaVu ¼#- yk[k esa½	
					2013&14 ls 2016&17	2017&18 fnlEcj] 2017 rd½
1	असम	पीएचसीएचबुआ	आरएमआरसी, डिब्रूगढ़	असम मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल, डिब्रूगढ़	300.00	1.075
2.	त्रिपुरा	खेरेंगबर अस्पताल खुमुलवुंग	आरएमआरसी, डिब्रूगढ़	अगरतला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज	407.5	0.00

(4) LokLF; vuqla/kku ds fy, ekuo lalk/ku fodkl dk;Øe%

#- yk[k esa

jkT; dk uke	2013&14 ls 2015&16	2016&17 ls 2017&18	¼fnlEcj] 2017 rd½
मणिपुर (2 छात्रवृत्तियां)	78.56	101.64	-
असम (5 छात्रवृत्तियां)			
नगालैंड (4 छात्रवृत्तियां)			
त्रिपुरा (1 छात्रवृत्ति)			

(5) vrj&lsDVksjy vfHklj.k rFkk LokLF; vuqla/kku dks çksRlkgu rFkk ekxZn'kZu nsus esa l;kstu ds fy, vuqnku lgk;rk%

mÙkj&iwohZ jkT;ksa esa ifj;kstuk dk;kZUo;u%

#- yk[k esa

jkT; dk uke	2013&14 ls 2015&16	2016&17	2017&18 ¼fnlEcj] 2017 rd½
मेघालय (एक परियोजना)	26.86	12.94	-
असम (एक परियोजना)	-	37.17	-
dqy ;ksx	26.86	50.11	-

भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (बीएमएचआरसी), भोपाल

10 अध्याय

10.1 भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (बीएमएचआरसी) का गठन 1998 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार दुनिया की सबसे भयानक औद्योगिक आपदा – भोपाल गैस त्रासदी के मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भोपाल मेमोरियल अस्पताल ट्रस्ट (बीएमएचटी) के अन्तर्गत हुआ था। विषैली गैस लीक होने की घटना 2–3 दिसम्बर 1984 की रात हुई थी।

10.2 सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 19/07/2010 को अपने आदेश में अस्पताल को ट्रस्ट से लेकर भारत सरकार के सुपुर्द करने को कहा था, जिससे इसका संचालन जैवप्रौद्योगिकी विभाग तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के द्वारा करना था। तदनुसार, 4 जनवरी 2012 को कैबिनेट की बैठक में बीएमएचआरसी का प्रशासनिक नियंत्रण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अन्तर्गत स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग को सौंपने का निर्णय किया गया।

10.3 बीएमएचआरसी 350 बिस्तरों वाला एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, जिसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- गैस त्रासदी के सभी पंजीकृत मरीजों तथा उनके वैध आश्रितों को नवीनतम सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- अस्पताल के सभी विभागों में आधारभूत, नैदानिक तथा महामारी विज्ञान से जुड़े अनुसंधान करना।
- मानवीय ऊतकों पर मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के दीर्घकालीन प्रभाव की जानकारी प्राप्त करना तथा परिणामों के अनुसार उपचार विधियां विकसित करना।
- उपलब्ध सुविधाओं का डॉक्टरों, नर्सों तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए उपयोग करना।

10.4 जनवरी 2004 में भोपाल गैस त्रासदी में एमआईसी प्रभावित जनसंख्या पर पड़े दीर्घकालीन तथा अन्य स्वास्थ्य संबन्धित प्रभाव के अध्ययन के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक अनुसंधान विभाग का गठन किया गया। इस विभाग के दो प्रमुख उद्देश्य हैं त्रासदी के बचे हुए लोगों में एमआईसी के प्रति इन–यूटेरो अनावरण के प्रभाव तथा प्रतिरोधी क्षमता पर इसके संभावित प्रभाव एवं टॉक्सिको–जेनोमिक परिणाम का अध्ययन।

10.5 वर्ष 2000 से (नैदानिक सेवाएं 1 जुलाई से शुरु हुईं) इस वर्ष तक मुख्य अस्पताल तथा उसकी आठ छोटी इकाईयों (घर पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना) में लाखों मरीजों का उपचार किया जा चुका है। मेडिकल आउटरीच प्राइमरी हेल्थ केयर प्रोग्राम (घर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना) में आठ स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा मरीजों को मुख्य अस्पताल निर्दिष्ट किया जाता है, जो भोपाल के मुख्य मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) गैस प्रभावित क्षेत्रों – कैंची चोला, स्टेशन बजरिया, चंदबाद, टीला जमालपुरा, गिनौरी, जहांगीराबाद, करौंद तथा बाल विहार में स्थित हैं। आपातकालीन सुविधा, रोकथाम, नैदानिक, स्वास्थ्यवर्धक तथा पुनर्वास उपचार उपलब्ध कराने के लिए ये स्वास्थ्य केन्द्र आधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इन केन्द्रों में हीमेटोलॉजिकल तथा जैवरासायनिक समेत आधारभूत जांच के अलावा सामान्य एक्स रे तथा ईसीजी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों में नए तथा पुराने सभी मरीजों को दवा उपलब्ध कराने की सुविधा है। यहां आंतरिक चिकित्सा नेत्र विज्ञान, सामान्य नैदानिक चिकित्सा, विकृति विज्ञान, एक्स रे तकनीशियन, नेत्र जांच विशेषज्ञ, फार्मेसिस्ट तथा नर्सों की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ejhtksa dh n[kHkky

- गैस त्रासदी के कुल 386332 मरीजों तथा उनके 39946 आश्रितों (बच्चों) को अस्पताल में 31 दिसम्बर 2017 तक पंजीकृत किया गया है।

- 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2017 तक अस्पताल की ओपीडी में कुल 213709 मरीजों का उपचार किया गया। 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2017 के बीच अस्पताल में कुल 8826 मरीजों को भर्ती किया गया।
- बीएमएचआरसी, भोपाल के स्वास्थ्य केन्द्रों में 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2017 तक गैस त्रासदी के कुल 408174 मरीजों ने तथा उनके 16778 आश्रितों ने उपचार कराया। वर्ष 2017 में स्वास्थ्य केन्द्रों से कुल 8334 मरीजों को मुख्य अस्पताल में इलाज के लिए निर्दिष्ट किया गया।

10-6 vdknfed

uflx d,yt

भोपाल नर्सिंग कॉलेज में अकादमिक वर्ष 2016–17 से पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग (नवम्बर 2004 से) तथा जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी (1 जुलाई 2011 से), बी. एससी. नर्सिंग (40 सीट), एम. एससी. नर्सिंग (5 सीट, 3–ओबीजी तथा 2–एमएसएन) की शिक्षा दी जा रही है। ये कॉलेज भारतीय नर्सिंग परिषद, एमपी राज्य नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त हैं तथा एमपी चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्ध हैं।

Hkkiky uflx d,yt e ikBîØek dh tkudkjh

ikBîØe	o"k	Nk=k dh l[;k@cp
एम.एससी. नर्सिंग	प्रथम वर्ष 2016–17	2
बी. एससी. नर्सिंग	प्रथम वर्ष 2016–17	33
पीबीबी एससी. नर्सिंग	प्रथम वर्ष 2016–17	34
	प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष 2016–17	34
जीएनएम	इंटर्नशिप 2016–17	45
	तृतीय वर्ष 2016–17	49

ijkefMdy lLFkku

पैरामेडिकल संस्थान की स्थापना अगस्त 2004 में हुई थी। ये एम. पी. स्टेट पैरामेडिकल परिषद, स्वास्थ्य शिक्षा मंत्रालय, एम. पी. सरकार शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है तथा मेडिकल विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्ध है।

बीएमएचआरसी, भोपाल के पैरामेडिकल संस्थान की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है:

प्रथम वर्ष छात्र 2017–18 : 66

द्वितीय वर्ष छात्र 2016–17 : 55

अन्य प्रशिक्षण / इंटर्नशिप / व्याख्यान / डीएनबी कार्यक्रम इत्यादि

01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2017 तक प्रशिक्षण / इंटर्नशिप / व्याख्यान / डीएनबी कार्यक्रम इत्यादि का ब्योरा निम्नलिखित है:

Øe la[;k	ch,e,pvkjlh ds foHkkxksa esa lEiUu çf'k{k.k	çf'k{k.k ds çdkj
1	एनास्थिसियोलॉजी विभाग में डीएनबी पाठ्यक्रम	डीएनबी (एमबीबीएस के बाद) पाठ्यक्रम 3 वर्ष डीएनबी (डिप्लोमा के बाद) पाठ्यक्रम 2 वर्ष
2	मनोरोग चिकित्सा	नैदानिक प्रशिक्षण / मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य में 15 दिनों का प्रशिक्षण / इंटर्नशिप
3	भौतिक चिकित्सा	6 महीनों का इंटर्नशिप / 5 महीनों का प्रशिक्षण / एक या दो महीने
4	बीएमएचआरसी के नैदानिक एवं शल्य चिकित्सा कक्ष	बीएमएचआरसी का सामान्य निदान तथा शल्य चिकित्सा कक्षों में छात्रों को नैदानिक प्रशिक्षण
5	अस्पताल प्रबंधन प्रशिक्षण	एक महीने का निरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम / अस्पताल प्रशासन में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रशिक्षण
6	परिचर्या	आहार विद्या में छह महीनों का इंटर्नशिप
		मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या / मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग
7	भंडारन	अस्पताल फार्मेसी में प्रशिक्षण
8	सूक्ष्मजैविकी / रक्तस्राव चिकित्सा / विकृति विज्ञान / अनुसंधान	6 महीनों का व्याख्यान कार्यक्रम

10-7 vuqla/kku

विभिन्न विषयों पर कई परियोजनाएं / मुद्दे बीएमएचआरसी, भोपाल के अन्तर्गत उठाए गए, जिन्हें बीएमएचआरसी, भोपाल की इन्स्टीट्यूशनल एथिक्स कमेटी (आईईसी) से मान्यता मिली है। बीएमएचआरसी, भोपाल में वर्ष 2017 के लिए निम्नलिखित आईईसी स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएं हैं:

Øe la[;k	vuqla/kku ifj;kstukvksa dk 'kh"kZd
1.	अक्सर पृथक किए जाने वाले ग्राम नकारात्मक जीवों की रोगाणुरोधक प्रोफाईलः मध्य भारत में तृतीयक देखभाल अस्पताल से पूर्वव्यापी अध्ययन
2.	कारतूस आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन जांच द्वारा क्षय रोग मेनिनजाइटिस का निदानः मध्य भारत के एक तृतीयक देखभाल अस्पताल से पूर्वव्यापी अध्ययन
3.	एचबीवी–एचसीवी संयुक्त–संक्रमण का मध्य भारत के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उत्पन्न होनाः एक पूर्वव्यापी अध्ययन
4.	रक्त में ट्रान्सफ्यूजन संक्रमण का सेरो– प्रसार का रक्तदाताओं में अध्ययन रक्त सुरक्षा में वृद्धि के लिए दाताओं तथा न्यूक्लिक एसिड परीक्षण (एनएटी) की आवश्यकता का मूल्यांकन
5.	रक्तस्राव संक्रमित मलेरिया के रोकथाम हेतु रक्त दाताओं में मलेरिया का पता लगाने के लिए परिधीय रक्त स्मीयर (माइक्रोस्कोपी), त्वरित नैदानिक परीक्षण, एंटीजन आधारित एलिसा तथा पीसीआर की तुलना
6.	पैराओक्सोनेज–1 (पीओएन–1) वंशाणुओं में पुरानी प्रतिरोधी फुफ्फुसीय रोगः एक केस–नियंत्रण अध्ययन

Øe lì[;k	vu|lì/kku ifj;kstukvksa dk 'kh"kZd
7.	भोपाल की वयस्क जनसंख्या में अंग दान के प्रति स्वास्थ्य साक्षरता के आकलन के लिए एक उपकरण का विकास
8.	आंसू फिल्म क्रियाकलाप के आकलन के लिए केस नियंत्रण अध्ययन तथा 100 मधुमेह रोगियों में ओक्यूलर सतह विकार एवं आयु के अनुरूप मिनी यूनिट पांच बीएमआरआरसी में इसकी तुलना
9.	मौखिक स्क्वैमस कोशिका कार्सिनोमा में क्लिनिकोपैथोलॉजिकल व्यवहार के अनुमान में पी53 अभिव्यक्ति, प्रसार इंडेक्स तथा माइक्रोवैसल घनत्व की संभावित भूमिका –
10.	नैदानिक व्यवहार तथा इंट्राक्रेनियल हेमांजी पेरासाईटोमास/एसएफटी एवं मेनिन्जियोमास के मध्य हिस्टोलॉजिकल लक्षणों का तुलनात्मक विश्लेषण
11.	पीलोसाइटिक तथा पिलोमाइक्सोएस्ट्रोसाइटोमासः ट्यूमर के नैदानिक व्यवहार तथा हिस्टोमॉर्फोलॉजिक स्पेक्ट्रम का एक व्यापक अध्ययन
12.	डीआर–टीबी के परीक्षण के लिए सीबी एनएएटी के उपयोग के प्रभाव की लागत प्रभावशीलता का आकलन
13.	एचबीएसएजी सकारात्मक रोगियों में डब्ल्यूएनटी वंशाणु पोलिमोर्फिज्म। तृतीयक देखभाल अस्पताल से एक पायलट अध्ययन
14.	मध्य भारत में एक तृतीयक देखभाल अस्पताल में कार्बापिनेमेज प्रतिरोधी ग्राम नकारात्मक बैसिली का आणविक लक्षण वर्णन
15.	फेकोमल्सिफिकेशन शल्य चिकित्सा के पहले तथा बाद में आंसू फिल्म की स्थिति का अध्ययन
16.	एक प्राकृतिक उत्पाद तथा इसकी साइट विशिष्ट डिलीवरी के साथ ठोस ट्यूमर के कई सेल्युलर कासकेड के संयोजीकरण का लक्ष्य – फिटोथेरेपी में एक नया प्रतिमान
17.	ग्लियोमा के एपिजेनेटिक सिग्नेचर का रहस्योद्घाटनः ट्यूमर पुनरावृत्ति में पूर्वकथात्मक प्रासंगिकता
18.	भोपाल मेमोरियल अस्पताल तथा अनुसंधान केन्द्र (बीएमएचआरसी), भोपाल में अनुसंधान विभाग के बायोडोजीमेट्री प्रयोगशाला की स्थापना तथा बायोडोजीमेट्री लेबोरेट्री ऑफ इंस्टीच्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड अलाइड साइंसेज (डीआरडीओ), दिल्ली के साथ नेटवर्किंग
19.	टीबी तथा ड्रग प्रतिरोधी टीबी के निदान के लिए 'टीबी–डिटेक्ट' एवं 'टीबी एकाग्रता और परिवहन' किट तथा 'टीबी डीएनए निष्कर्षण' की बहु–केन्द्रित मान्यता
20.	एक तृतीयक देखभाल केंद्र में न्यूनतम आक्रामक ट्रांसफॉर्मेनियल लम्बर इंटरबॉडी फ्यूजन में क्रियात्मक तथा रेडियोलॉजिकल परिणामों के अध्ययन के लिएः एक पूर्वव्यापी आकलन
21.	कंजंक्टिवल ऑटो ग्राफ्टिंग के साथ टेरीजियम छांटने की विभिन्न तकनीकों के शल्य चिकित्सकीय परिणामों की तुलना
22.	तृतीयक देखभाल अस्पताल से प्लेटलेट उपयोग पर एक ऑडिट
23.	भोपाल, मध्य प्रदेश के चयनित अस्पतालों में बांझपन का उपचार करा रही महिलाओं में तनाव तथा विषाद दूर करने के लिए योग उपचार की प्रभावकारिता का अध्ययन
24.	भोपाल के चयनित कैंसर अस्पतालों में स्तन कैंसर का इलाज करा रही महिलाओं में जीवनशैली की गुणवत्ता का अध्ययन
25.	रीढ़ की हड्डी वाले संज्ञाहरण के पश्चात् डेक्समेडेटोमाइडिन तथा ट्रामाडोल के प्रभाव का एक तुलनात्मक अध्ययन
26.	लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी में शल्य चिकित्सा के बाद दर्द प्रबंधन के लिए पारम्परिक पैरेंटेरल एनाल्जेसिया के साथ द्विपक्षीय ट्रान्सवर्सेस अब्डोमिनिस (टैप) ब्लॉक की प्रभावकारिता की तुलना के लिए एक संभावित अवलोकन अध्ययन
27.	हैपेटाइटिस बी में वायरस–होस्ट इंटरप्ले के इम्यूनों – आणविक सिग्नेचर का रहस्योद्घाटन : का आणविक सिग्नेचरः नैदानिक प्रासंगिकता

vU; çe[k miyfC/k;k%

(i) ch,e,pvkjlh LokLF; dUæk e jkfx;k d efMdy fjd,Ml dk fMftVkbt'ku% बीएमएचआरसी स्वास्थ्य केन्द्रों में अभी तक 12711 रोगियों के मेडिकल रिकॉर्ड्स का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

(ii) lfo/kkvk@vk/kkjHkr <kp dk mUu;u% बीएमएचआरसी में 31.08.2013 तथा 01.09.1013 को प्रो. एन. के. मेहरा (एम्स, नई दिल्ली) की अध्यक्षता में इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी की बैठक की अनुशंसा के आधार पर केन्द्रीय जन कल्याण विभाग द्वारा ढांचागत विकास तथा उन्नयन कार्य किया जा रहा है। कार्य प्रगति पर है तथा जल्द समाप्त हो जाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी की अनुशंसा के अनुसार उन्नयन / स्थापन के लिए निम्नलिखित प्रमुख अतिरिक्त सेवाओं की प्रक्रिया जारी हैः

- स्वास्थ्य केन्द्र–5 (गिन्नोरी) में सामुदायिक ऑप्थैल्मिक केन्द्र।
- स्वास्थ्य केन्द्र–3 (चन्द्रबाढ़) में महिला स्वास्थ्य केन्द्र।
- स्वास्थ्य केन्द्र–2 (स्टेशन बजरिया) में वृद्धावस्था देखभाल केन्द्र।

(iii) LoPNrk dk;l ;kstuk : बीएमएचआरसी की स्वच्छ भारत कार्य योजना के अनुरूप, निकटवर्ती स्थानों के चयनित पांच सरकारी स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई, जिसका उद्देश्य किशोरियों तथा महिलाओं को व्यवस्थित रूप से समग्र समर्थन देना है।

इस संदर्भ में, विशिष्ट स्कूलों में सैनिट्री नैपकिन वितरण तथा नष्ट करने के लिए इन्सिनीरेटर का टेंडर जारी किया जा रहा है।

(iv) दिव्यांगों के लिए शौचायल का प्रबंधः बीएमआरसी अस्पताल (नेत्र ब्लॉक–2) में दिव्यांगों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था, जिसमें दिव्यांगों (पुरुषों/महिलाओं) की सुरक्षा का विशेष प्रबंध है।

(v) रूफ टॉप सोलर (आरटीएस) परियोजना का कार्यान्वयनः बीएमएचआरसी का चयन 1000 किलोवॉट की क्षमतावाले रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने के लिए किया गया है। इस संदर्भ में जल्द ही एजेंसी द्वारा कार्यारम्भ के लिए संभावना अध्ययन तथा ऊर्जा क्रय समझौता किया जाएगा ताकि इसे स्थापित किया जा सके।

10-8 chb@vkjb 2017&18 rFkk ch,e,pvkjlh d lnHk e fnlEcj 2017 rd tkjh foÙk ,o chb 2018&19 d vUrxr vkoVu fuEufyf[kr g%

रु. करोड़ में

[kkrk çe[k	chb 2017&18	vkjb 2017&18	fnlEcj 2017 rd tkjh	chb 2017&18
जीआईए– सामान्य	59.71	35.00	20.64	38.00
जीआईए–पूंजी परिसम्पत्तियों का निर्माण	50.00	11.10	6.30	15.00
जीआईए–वेतन	78.29	78.29	54.00	87.00
कुल भोपाल मेमोरियल अस्पताल तथा अनुसंधान केन्द्र	188.00	124.39	80.94	140.00

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर)

11 अध्याय

10.1 भारत में जैवचिकित्सकीय अनुसंधान के निरूपण, संयोजन तथा प्रोत्साहन के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नई दिल्ली सर्वोच्च संस्था है तथा दुनिया के प्राचीनतम चिकित्सकीय अनुसंधान निकायों में एक है। आईसीएमआर को भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अन्तर्गत स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय अनुदान दिया जाता है।

10.2 आईसीएमआर की कार्यकारी परिषद की अध्यक्षता केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री करते हैं। वैज्ञानिक तथा तकनीकी मामलों में परिषद की मदद एक वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड करता है, जिसके सदस्य विभिन्न जैवचिकित्सकीय क्षेत्रों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ होते हैं। बोर्ड में वैज्ञानिक सलाहकार ग्रुपों, वैज्ञानिक सलाहकार समितियों, जानकार समूहों, टास्क फोर्स, परिचालन समितियां इत्यादि होती हैं, जो परिषद की विभिन्न आनुसंधानिक गतिविधियों का आकलन तथा निरीक्षण करती हैं।

10.3 परिषद अनुसंधान की प्राथमिकताएं राष्ट्रीय स्वास्थ्य क्षेत्र की प्राथमिकताओं के अनुरूप होती हैं, जैसे, संचारी रोगों पर नियंत्रण तथा प्रबंधन, प्रजनन नियंत्रण, मातृत्व तथा बाल स्वास्थ्य, कुपोषण पर नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए वैकल्पिक रणनीति विकसित करना, पर्यावरण के सुरक्षा मानकों का पालन तथा व्यवसायिक स्वास्थ्य समस्याएं, प्रमुख असंचारी रोगों, जैसे कैंसर, हृदयवाहिनी रोगों, नेत्रहीनता, मधुमेह तथा अन्य मेटाबोलिक एवं हीमेटोलॉजिकल विकृतियां, मानसिक स्वास्थ्य तथा दवा अनुसंधान (पारम्परिक उपचार समेत)। ये सभी प्रयास रोगों का प्रभाव कम करने तथा जनसंख्या में स्वास्थ्य एवं बेहतरी को प्रोत्साहित करने के लिए किये जाते हैं।

bVk & E;jy vuqla/kku

10.4 देशभर के 26 संस्थानों/केन्द्रों के नेटवर्क में अंदरूनी अनुसंधान किये जा रहे हैं, जिनमें 15 संचारी रोगों पर शोध करते हैं, 6 असंचारी रोगों पर करते हैं, 1 प्रजनन तथा बाल स्वास्थ्य (आरसीएच), 1 कुपोषण तथा 3 हीमोग्लोबिनोपैथीज तथा पारम्परिक दवाओं समेत आधारभूत चिकित्सकीय विज्ञान के लिए कार्य करते हैं।

,DlVk& E;jy vuqla/kku

10.5 आईसीएमआर बाह्य अनुसंधानों को मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालयों तथा अन्य गैर–आईसीएमआर अनुसंधान संस्थानों के चयनित विभागों में वर्तमान विशेषज्ञता एवं ढांचागत सुविधाओं में विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान के लिए केन्द्र स्थापित कर प्रोत्साहित करता है। दी गई अवधि में स्पष्ट उद्देश्यों के साथ लक्ष्य के अनुरूप, विशिष्ट समय सीमा, मानक तथा एकरूप क्रियान्वयन एवं कई बार बहुकेन्द्रीय ढांचे के साथ क्रियान्वयन दल अध्ययन करता है।

10.6 ओपन एंडेड अनुसंधान देश के विभिन्न भागों में स्थित गैर–आईसीएमआर अनुसंधान संस्थान, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालयों इत्यादि के वैज्ञानिकों से वित्तीय अनुदान के आवेदन के आधार पर किये जाते हैं।

o"kZ dh miyfC/k;k¡

- भारत में राज्य–स्तरीय रोगों का बोझ कम करने की शुरुआतः 1990 से 2016 तक प्रत्येक राज्य में रोगों का बोझ तथा जोखिम के विषय में रिपोर्ट तैयार किया गया है, जो प्रत्येक राज्य को अधिक गहरी स्वास्थ्य नीति तथा प्रणाली विकसित करने में मदद देगा।
- क्षय रोग पहचान की शुरुआतः टीबी/एमडीआर–टीबी की त्वरित आणविक पहचान किट के लिए आईसीएमआर, डीबीटी तथा उद्योग के सहयोग से एक स्थानीय, कम लागत वाला ट्रूनैट रिफ, विकसित किया गया है। 10 राज्यों के 50 जिलों में स्थित 100 माइक्रोस्कोपी केन्द्रों में ट्रूनैट की संभाव्यता का अध्ययन पूरा कर लिया गया है। आरएनटीसीपी के अन्तर्गत प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों (डीएमसीज) में इसे चरणबद्ध ढंग से लागू करने की संस्तुति की गई है।

- आईसीएमआर ने वेक्टर नियंत्रण के लिए नवीन रणनीतियां विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। आईसीएमआर ने एडीज मच्छरों के लिए वालपाशिया पर आधारित वेक्टर नियंत्रण रणनीति विकसित करने के लिए मोनाश विश्वविद्यालय के साथ सहयोग का करार किया है।
- मानवों की भागीदारी वाली जैव चिकित्सकीय तथा स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देश एवं बच्चों के लिए राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देश तथा जैवचिकित्सकीय अनुसंधान तैयार कर जारी कर दिया गया है।
- कुष्ठरोग सम्पर्कों में कार्यक्रम प्रणाली के अन्तर्गत एमआईपी वैक्सिन लागू करनाः माइकोबैक्टीरियम इन्डिकस प्रानी (एमआईपी), भारत में विकसित दुनिया का पहला कुष्ठ रोग वैक्सिन गुजरात तथा बिहार के रोगियों में रोकथाम के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जा रहा है। आईसीएमआर द्वारा विकसित निकुष्ठ नामक वास्तविक समय में निरीक्षण करने वाला एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, तथा राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के अन्तर्गत लागू किया गया है।
- आईसीएमआर ने भेड़ों तथा बकरियों में क्रीमियन–कॉन्गो हीमोरेजिक फीवर (सीसीएचएफ), जानवरों में क्रीमियन–कॉन्गो हीमोरेजिक फीवर (सीसीएचएफ) तथा मच्छर से उत्पन्न होनेवाले जापानी इन्सेफ्लाइटिस वायरस (जेईवी) की पहचान के लिए तीन नए पहचान किट प्रारम्भ किये हैं।
- 'स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी त्वरण तथा वाणिज्यीकरण' (एचटीएसी) कार्यक्रम के अन्तर्गत आईसीएमआर ने आईसीएमआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणि ाज्यीकरण के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के साथ करार किया है।
- भारतीय स्वास्थ्य अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने दक्षिण कोरिया की इंटरनेशनल वैक्सिन इन्सटीच्यूट (आईवीआई) के साथ वैक्सिन के अनुसंधान तथा विकास के लिए सहयोग पत्र पर हस्ताक्षर किया है।
- भारत में क्षय रोग अनुसंधान संकाय, जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान, वेक्टर जनित रोग विज्ञान फोरम तथा मेडिकल कॉलेजों के लिए विशेष कार्यक्रम हेतु आईएमआर के सर्वोत्कृष्ट कार्यक्रमों में लगातार प्रगति होती रही है, जिसने क्षय रोग, मलेरिया, पोषण इत्यादि क्षेत्रों में नए अनुसंधान कार्यक्रम विकसित किये हैं।
- आईसीएमआर–इंडियाब, मधुमेह पर महामारी विज्ञान सम्बंधित एक अध्ययनः ये अध्ययन देश के विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में मधुमेह, मधुमेह से पूर्व, उच्चरक्तचाप, डिसलिपिडेमिया तथा स्थूलता के महामारी विज्ञान से सम्बंधित प्रामाणिक आंकड़े उपलब्ध करानेवाला एक ऐतिहासिक अध्ययन है। 14 राज्यों तथा एक केन्द्र शासित प्रदेश में ये अध्ययन पूरा हो चुका है, तथा एकत्र आकड़े राज्यों के स्वास्थ्य विभागों के साथ साझा कर दिये गए हैं। आंकड़ों से देश में मधुमेह पूर्व स्थिति, मधुमेह, उच्चरक्तचाप तथा स्थूलता की स्पष्ट तस्वीर उभरकर सामने आती है।
- काला ज्वर के लिए उन्मूलन के पश्चात एजेंडा (स्पीक) भारत संकायः आईसीएमआर ने एमओएच तथा एफडब्ल्यू, एनवीबीडीसीपी, ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीजेज इनिशियेटिव (डीएनडीआई), लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएचएसटीएम) तथा बिल एंड मिलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के साथ सहयोग कर वीएल संकाय स्थापित किया है, जिसका उद्देश्य वीएल संचार के आयामों पर सकारात्मक विचार–विमर्श के लिए एक मंच का गठन करना तथा वैज्ञानिक, तार्किक एवं प्रायोगिक दक्षता को उस मंच पर लाना और हमारी समझ तथा वास्तविक खतरों में अन्तर को दूर करने के अलावा वर्तमान अथवा नए शोध का आकलन करना, प्रोटोकॉल विकसित करना एवं कार्यपद्धति विकसित कर अनुपस्थित सूचनाओं को दृश्यपटल पर लाना है।
- राष्ट्रीय कैंसर पंजीकरण कार्यक्रमः कैंसर के मामलों, गंभीरता, मृत्यु–दर, प्रवृत्ति, नैदानिक देखभाल तथा जनसंख्या पर आधारित 30 कैंसर पंजीकरण (पीबीसीआर) एवं अस्पतालों पर आधारित 27 कैंसर पंजीकरण (एचबीसीआर) के द्वारा बचाव के लिए 1982

से लगातार व्यवस्थित आंकड़े उपलब्ध करा रहा है।

- भारतीय आहार में पोषक तत्वों का निर्धारणः 650 से अधिक भारतीय खाद्यों में पोषक तत्वों का आकलन किया गया तथा "न्यूट्रिटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स" में प्रकाशित किया गया, जिसका सभी क्षेत्रों में विस्तृत उपयोग हो रहा है।
- जीका वायरस महामारी से निपटने के लिए आईसीएमआर की तैयारीः आईसीएमआर–एनआईवी ने देश के 25 स्थानों पर जीका के लिए जांच तथा निरीक्षण स्थल निर्धारित किया है। 25 प्रयोगशालाओं तथा 11 आईडीएसपी प्रयोगशालाओं में लगातार प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण का कार्य किया जा रहा है। आईसीएमआर के निरीक्षण नेटवर्क के द्वारा जीका वायरस के चार मामले दर्ज किये गए (3 गुजरात में तथा 1 तमिल नाडु में)। जीका वायरस के लिए महामारी विज्ञान से सम्बंधित निरीक्षण भी प्रारम्भ किया गया है। आईसीएमआर के नेटवर्क ने अब तक >50,000 मानवीय नमूनों तथा >25,000 मच्छरों के नमूनों की जांच की है।
- राष्ट्रीय एंटी–माइक्रोबियल प्रतिरोधी निरीक्षण नेटवर्क (एएमआरएसएन) स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न स्तरों पर एएमआर का राष्ट्रीय आंकड़ा तैयार करने में लगातार कार्यरत है। असंचारी तथा चिकित्सकीय उपचार में वैश्विक अग्रणियों में फ़ाइज़र एएमआर के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है तथा अपने कॉरपोरेट के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति के अन्तर्गत आईसीएमआर के साथ सहयोग कर रहा है, ताकि एएमआर दूर करने का एकीकृत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।
- राष्ट्रीय रोटावायरस निरीक्षण नेटवर्क (एनआरएसएन) (2012–2016): रोटावायरस से दस्त की बीमारी तथा सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अन्तर्गत रोटावायरस वैक्सिक का प्रभाव जानने के लिए 4 प्रमुख निर्दिष्ट प्रयोगशालाओं, आईसीएमआर के 7 क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं तथा 23 अस्पतालों में अध्ययन किया गया। निरीक्षण में शामिल 36.3% बच्चों में गंभीर जठरात्रशोथ के साथ रोटावायरस पाया गया।
- विभिन्न अनुसंधान संस्थानों तथा देश के विश्वविद्यालयों में विभिन्न जैवचिकित्सकीय विषयों, जैसे, एलर्जी, शरीर विज्ञान, मानव शास्त्र, जैव रसायन विज्ञान, कोशिकीय तथा आणविक जीव विज्ञान, आनुवंशिकी, हिमेटोलॉजी, मानवीय आनुवंशिकी, प्रतिरक्षा विज्ञान, नैनो–दवाएं, अंग प्रत्यर्पण, औषध विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, मूल कोशिका अनुसंधान, पारम्परिक दवाएं, विषविज्ञान, इत्यादि तथा गैरसंहिताबद्ध पारम्परिक योगों के सत्यापन के लिए आणविक चिकित्सकीय केन्द्र, उन्नत अनुसंधान केन्द्र तथा कार्य बल परियोजनाएं जारी हैं।

- मानव संसाधन विकास के अन्तर्गत (एचआरडी), आईसीएमआर ने कनिष्ठ अनुसंधान छात्रवृत्ति (जेआरएफ) के लिए जुलाई 2017 में आयोजित देश स्तरीय परीक्षा के द्वारा 120 उम्मीदवारों का चयन किया है। इसके अलावा अल्पकालीन स्टूडेंटशिप (एसटीएस) के लिए मेडिकल में स्नातक के 909 छात्रों का चयन किया गया है। स्नातकोत्तर अनुसंधान छात्रवृत्ति (पीडीएफ) 14 उम्मीदवारों को दिये गए हैं तथा कुल 470 सम्मेलनों/संगोष्ठियों/विचार सभाओं के लिए वित्तीय मदद दी गई है। तीन विश्वविद्यालयों में एमडी/पीएच.डी. कार्यक्रम जारी हैं तथा वर्तमान समय में 98 छात्र इस कार्यक्रम में पंजीकृत हैं। तीन विश्वविद्यालयों में 7 छात्र वर्ष 2017–2018 के दौरान शामिल हुए हैं। विदेश सम्मेलनों में भाग लेने के लिए कुल 327 गैर–आईसीएमआर वैज्ञानिकों को वर्ष 2017–18 में वित्तीय मदद दी गई। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य अधिकारियों को आईसीएमआर संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है।
- इस वर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए सहयोग (2 समझौतों के अन्तर्गत) विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों/एजेंसियों के साथ जारी रहे। विभिन्न सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लिए वैज्ञानिकों के कुल 42 आदान–प्रदान कार्यक्रम आयोजित किये गए।

- आईसीएमआर ने कुल 1213 बाह्य अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय मदद दी, जिनमें इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए छात्रवृत्तियां शामिल हैं।

chbl@vkjbl 2017&18 rFkk fnlEcj 2017 rd tkjh foÙk ,o chbl 2018&19 d vUrxr vkoVu fuEufyf[kr g%

रु. करोड़ में

[kkrk çe[k	chbl 2017&18	vkjbl 2017&18	fnlEcj] 2017 rd tkjh	chbl 2017&18
जीआईए– सामान्य	550.00	653.60	353.75	770.00
जीआईए–पूंजी परिसम्पत्तियों का निर्माण	200.00	290.00	150.00	200.00
जीआईए–वेतन	400.00	470.00	296.25	446.00
कुल आईसीएमआर	1150.00	1413.60	800.00	1416.00

vuqyXud

fn lacj 2017 rd okLrfod 0;; lfgr cbl@vkjbl@okLrfod 0;; 2016&17 vkSj ctV vuqeku ¼cbl½@la'kksf/kr vuqeku ¼vkjbl½@ okLrfod 0;; fnlacj] 2017 rd rFkk LokLF; vuqlU/kku foHkkx dh ekax la[;k 43 ds laca/k esa cbl 2018&19

(रु. करोड़ में)

Ø- la-	;kstuk@dk;Øe	ctV 'kh"kZ	2016&17 ¼;kstuk + ;kstuk ls i`Fkd½			2017-18			cbl 2018-19
			cbl	vkjbl	okLrfod 0;;	cbl	vkjbl	fnlacj] 2017 rd okLrfod 0;;	cbl 2016-17
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1	सचिवालयी – सामाजिक सेवाएं	सचिवालयी – सामाजिक सेवाएं	10.80	10.80	9.15	12.00	15.40	7.90	34.00
2	स्वास्थ्य अनुसन्धान के लिए मानव संसाधन विकास	औषधि एवं स्वास्थ्य में शोध हेतु आधुनिक प्रशिक्षण	13.00	13.00	15.38	20.00	26.00	13.82	30.00
		चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शोध में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	1.00	1.00	0.29	1.00	1.00	0.11	1.00
3	अंतर क्षेत्रीय अनुरूपण एवं शोध शासन मुद्दों पर प्रोत्साहन व मार्गदर्शन हेतु ग्रांट इन ऐड योजनायें	चिकित्सा, जैव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शोध में अंतर क्षेत्रीय समन्वय	14.25	14.25	15.99	20.00	30.00	16.63	35.00
		शोध शासन मुद्दों पर प्रोत्साहन व मार्गदर्शन	0.00	0.00	0.00	5.00	6.00	0.41	6.00

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम	बजट शीर्ष	2016-17 (योजना + योजना से इतर)			2017-18			बीई 2018-19
			बीई	आरई	वास्तविक व्यय	बीई	आरई	दिसम्बर 2017 तक वास्तविक व्यय	बीई 2016-17
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
4	महामारियों और प्राकृतिक आपदाओं का प्रबंधन	महामारियों, प्राकृतिक आपदाओं से जुड़े मामले और प्रकोपों के निवारण हेतु युक्तियों का विकास	39.25	39.25	44.25	56.00	66.00	41.14	70.00
		महामारियों और प्रकोपों के निवारण हेतु युक्तियों का विकास	2.25	2.25	1.63	3.00	5.00	1.66	5.00
5	स्वास्थ्य शोध के प्रोत्साहन हेतु बुनियादी ढांचे का विकास	मुलभुत, अनुप्रयुक्त एवं क्लिनिकल शोध को प्रोत्साहन, समन्वय और विकास – सरकारी मेडिकल कालेजों में बहु अध्ययन शाखा शोध इकाइयों (एमआरयू) की स्थापना	24.25	24.25	24.25	36.00	45.00	27.32	50.00
		माडल ग्रामीण स्वास्थ्य शोध इकाइयों की स्थापना	6.00	6.00	6.00	9.00	11.00	8.00	13.00
6	भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसन्धान परिषद् (आईसीएमआर)		894.00	1094.00	1077.40	1150.00	1413.60	800.00	1416.00
7.	भोपाल स्मारक अस्पताल एवं शोध केंद्र, भोपाल		140.00	140.00	129.26	188.00	124.39	80.94	140.00
	योग		1144.80	1344.80	1323.60	1500.00	1743.39	997.93	1800.00

ये आंकड़े उत्तर पूर्वी घटक के अंतर्गत 2017–18 में रु. 75.00 करोड़ और 2018–19 में रु. 100.00 करोड़ के प्रावधान से संबंधित हैं.

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भारत सरकार

नई दिल्ली

मुद्रक: विबा प्रेस प्रा. लि., 9810049515